मिठो मिठो मत बोले कान्हा

मिठो मिठो मत बोले कान्हा तेरी राधा नार लड़ेगी,
पतली पतली पोई रे फुलकिया,
धीरे-धीरे मत खावे कान्हा तेरी राधा नार लड़ेगी,
मिठो मिठो मत बोले......

ताजो ताजो मैंने माखन बनाया,
मिठो मिठो मैंने माखन बनाया,
धीरे-धीरे मत खावे कान्हा तेरी रुकमणी नार लड़ेगी,
मिठो मिठो मत बोले......

कपिला गाय को दूध मंगाया,
धीरे-धीरे मत पीवे कान्हा तेरी यशोदा मात लड़ेगी,
मिठो मिठो मत बोले......

हरे बांस की बंसी रे मंगाई,
धीरे धीरे मुरली बजा कन्हैया ये सखियां सब सुन लेंगी,
मिठो मिठो मत बोले......

बजनी से कान्हा पायल मंगाई,
छम छम नाच दिखा कन्हैया मैं ताने सब सह लूंगी,
मिठो मिठो मत बोले......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25278/title/mitho-mitho-mat-bole-kanha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |